# ध्येय पथ
# नवम्बर माह की गतिविधियॉ

## सतर्कता जागरूकताः निबन्ध एवं व्याख्यान





3 नवम्बर 2017 को यूनियन बैंक एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में (सतर्कता जागरूकता अभियान) व्याख्यान एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय–''भ्रष्टाचारी –भारतीय समाज पर पड़ता प्रभाव'' था। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान सुश्री दृष्टि जायसवाल (बी.एस.–सी तृतीय वर्ष), श्री आशीष उपाध्याय (बी.काम. तृतीय वर्ष), सुश्री नितिन तिवारी (बी.काम. तृतीय वर्ष) एवं सांत्वना पुरस्कार श्री रवि प्रताप नागवंशी (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा श्री कृष्ण कुमार सिंह (बी.एस–सी प्रथम वर्ष) को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक विभाग की प्रभारी सुश्री दीप्ती गुप्ता एवं बी.एड. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## पुलिस कार्यशालाः

7 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में उजाला फाउंडेशन की पहल पर पुलिस की पाठशाला लगी। गोरखपुर पुलिस जोन के आईजी मोहित अग्रवाल ने कानून के सम्बन्ध में कई अहम जानकारियॉ प्रदान की।






## विशिष्ट व्याख्यान (गणित विभाग):

10 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 ए0पी0 श्रीवास्तव (भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, महात्मा गांधी पी0जी0 कॉलेज, गोरखपुर) उपस्थित थे। उन्होंने गणित के मूलभूत सूत्रो को समझाते हुए, Set Theory व Calculas में Distt- Calculas व Integral Calculas के बारे में व्यापक जानकारी छात्र–छात्राओं को दी।





कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के प्रभारी श्रीकान्त मणि त्रिपाठी जी ने तथा आभार गणित विभाग के आचार्य श्री प्रतीक दास जी ने किया।

## भारतरत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्याः व्याख्यान एवं योग प्रशिक्षण शुभारम्भः–

11 नवम्बर 2017 को भारतरत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी के पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर प्रार्थना सभा मे आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रत्येक शनिवार को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा के स्थान पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया गया।



## विशिष्ट व्याख्यान–सांख्यिकी विभाग




11 नवम्बर 2017 को सांख्यिकी विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह आचार्य के0आई0पी0एम0 कॉलेज गीडा, गोरखपुर उपस्थित थे। डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह “Basic Concept & Probability Theory” विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया कार्यक्रम में गणिज एवं सांख्यिकी विभाग के सभी छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता– रसायन विज्ञान विभाग

11 नवम्बर 2017 को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का उद्‌घाटन प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने किया। प्रतियोगिता में रसायन विज्ञान के तीनों वर्षो के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमे प्रथम स्थान साक्षी सिंह बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान वैभव गुप्ता बी.एस–सी. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान गौरव सिंह बी.



एस–सी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किये।

## स्वैच्छिक श्रमदान का शुभारम्भ

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 11 नवम्बर तथा 18 नवम्बर 2017 को साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान आयोजित किया गया, जिसमें दोनो इकाइयों गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के 200 स्वयं सेवकों तथा सेविकाओं ने 22 टोलीयों में विभक्त होकर श्रमदान किया। इन सभी टोलीयों का नेतृत्व प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव सहित 32 शिक्षकों ने टोली प्रमुख के रूप में श्रमदान किया।




## विशिष्ट व्याख्यान–अंग्रेजी विभाग




13 नवम्बर 2017 को अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित 'रोमान्टीसिज्म' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान में प्रो0 अजय शुक्ला, अंग्रेजी विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा डॉ0 निलिमा दूबे, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग, श्री भगवान दत्त महिला डिग्री कॉलेज, चौरी–चौरा ने विभाग के छात्रों को संबोधित किया। व्याख्यान का संचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष के विवेक विश्वकर्मा ने तथा आभार ज्ञापन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान् ने किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला–हिन्दी विभाग

14 नवम्बर 2017 को हिन्दी विभाग द्वारा ''हिन्दी राजभाषा एवं राष्ट्र एवं राष्ट्र भाषा की विवादस्पद स्थिति'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रो0 डॉ0 आद्या प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यशाला का




संयोजन हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ0 आरती सिंह द्वारा किया गया।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू जयंती एवं बाल दिवसः

14 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रवक्ता सुश्री श्वेता चौबे ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता द्वारा किया गया।





## विशिष्ट व्याख्यान– समाजशास्त्र विभागः





14 नवम्बर 2017 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'वैश्विकता' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना के उपरान्त हुआ एवं आभार ज्ञापन समाजशास्त्र के प्रभारी श्री प्रकाश प्रियदर्शी द्वारा किया गया।

## आचार्य विनोबा भावे पुण्यतिथि

15 नवम्बर 2017 को आचार्य विनोबा भावे की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## संस्थापक सप्ताह समारोहः–

## बाबा गम्भीरनाथ–स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता




15 नवम्बर 2017 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत महाविद्यालय में योगीराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में कला संकाय ने छात्र संघ को 25–21, 21–25 और 25–23 से हराकर विजेता रहा तथा बालिका वर्ग में लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती टीम को 25–11, 25–10 से पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र तथा डॉ0 अभिषेक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उदीयमान कवि सम्मेलन प्रतियोगिताः




15 नवम्बर 2017 को संस्थापक समारोह के तत्वाधान में उदीयमान कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर दुर्गेश साहनी बी.ए. द्वितीय वर्ष, आराधना गौड़ बी.ए. प्रथम वर्ष, सच्चिदानन्द यादव बी.एड. प्रथम वर्ष रहे तथा सान्त्वना पुरस्कार के अन्तर्गत प्रिया वर्मा बी.एड. प्रथम वर्ष माधुरी उपाध्याय बी.एस–सी. प्रथम वर्ष, दिव्या सिंह बी.एड. प्रथम वर्ष रही। निर्णायक मण्डल में डॉ0 आरती सिंह, सुश्री दीप्ती गुप्ता एवं श्रीमती पुष्पा निषाद रहीं।

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता



16 नवम्बर 2017 को संस्थापक समारोह के तत्वाधान में हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आशीष उपाध्याय बी.काम. तृतीय वर्ष, अनिल कुमार यादव बी.ए. प्रथम वर्ष, आदित्य कुमार

गुप्त बी.एड. द्वितीय वर्ष। सांत्वना पुरस्कार के अन्तर्गत अंकित तिवारी बी.काम. द्वितीय वर्ष एवं ऐश्वर्या पाण्डेय बी.एस–सी. प्रथम वर्ष को दिया गया।

## उदा देवी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता



16 नवम्बर 2017 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत विरांगना ऊदा देवी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कुल 5 टीमों ने तथा बालिका वर्ग में 3 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती टीम को 28–25 से हराकर विजयी रही तथा बालक वर्ग में योगीराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम टीम ने छात्र संघ टीम को हराकर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में मनीष शर्मा विशाल सिंह, डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता



17 नवम्बर 2017 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 7 टीमो ने प्रतिभाग किया। मनीष कुमार शर्मा बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष, विशाल सिंह बी.एस–सी. तृतीय वर्ष, आदित्य यादव बी.एस–सी. प्रथम वर्ष तथा सुबोध यादव बी.ए. तृतीय वर्ष की टीम ने प्रथम स्थान जबकि नम्रता मिश्रा, अर्चना सिंह, नीतू गुप्ता तथा सुशीला राय सभी बी.एड. प्रथम वर्ष की टीम ने द्वितीय स्थान और विवेक कुमार कुशवाहा, सत्यप्रकाश पाठक, संदीप तिवारी एवं कृष्ण कुमार सिंह सभी बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन श्री सुबोध कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताः



18 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय में 15 से 23 नवम्बर तक मनाये जा रहे संस्थापक समारोह के अन्तर्गत किया गया। इसमे कुल 96 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान

अमन कुमार (बी.एड. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान अर्चना सिंह (बी.एड. प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान राघवेन्द्र (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का संयोजन श्री अभिषेक वर्मा तथा डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक जी द्वारा किया गया।

## कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिताः



20 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आशुतोष चौहान (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान जय कृष्ण वर्मा (बी.एस.सी.तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान व सन्नी कुमार चौहान (बी.एस.सी.) तथा आशीष मद्धेशिया (बी.एस.सी. प्रथम वर्ष) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन डॉ0 संजय कुमार तिवारी एवं श्री प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा किया।

## आशुभाषण प्रतियोगिता



20 नवम्बर 2017 आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 23 नवम्बर तक मनाये जा रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत को आयोजित किया गया जिसमें कुल 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कृष्ण मोहन (बी.एड. द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान सोमनाथ कन्नौजिया (बी.एड. द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान, प्रिया वर्मा ( बी.एड. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार संदीप तिवारी (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ0 राम सहाय तथा श्रीमती विभा सिंह जी द्वारा किया गया।

## ग्लोबल वार्मिंग विषय पर भाषण प्रतियोगिता



21 नवम्बर 2017 को **'ग्लोबल वार्मिंग इज अ ग्रेव मिनेक फॉर द एग्जिक्टेंस ऑफ सिविलाइजेशन'** विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत किया गया। जिसमें कुल 26 विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया, जिसमें संदीप तिवारी (बी. एस–सी. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान, विवेक कुमार कुशवाहा (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान, शिवांगी

रॉय (बी.ए. प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान एवं ममता प्रजापति (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमती कविता मंध्यान् एवं डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता– राजनीतिशास्त्र विभाग




21 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान विशाल कुमार दूबे (बी.ए. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से रविप्रताप नागवंशी (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं राहुल गिरी (बी.ए द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से प्रियंका गुप्ता (बी.ए. तृतीय वर्ष) वन्दना (बी.ए. तृतीय वर्ष तथा विवेक विश्वकर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) प्राप्त किया।

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता



23 नवम्बर 2017 को संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में 15 से 23 नवम्बर तक मनाएं जा रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत किया गया। प्रतियोगिता में कुल 10 विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में नितीश कुमार पाण्डेय (बी.एड. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान, सुशील चन्द्र ओझा (बी.काम. भाग एक) द्वितीय स्थान व आशीष उपाध्याय (बी.काम. भाग तीन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड. प्रवक्ता सुश्री श्वेता चौबे द्वारा किया गया।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता



23 नवम्बर 2017 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 29 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संदीप तिवारी (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष),

आशीष उपाध्याय (बी.काम. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा ऋषिकेश(बी.एड. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड. प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## लाला लाजपत राया बलिदान दिवस

17 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में आयोजित व्याख्यान में बी. एड. विभाग के प्रवक्ता श्री नवनीत सिंह ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## वाणिज्य संकाय–एक दिवसीय कार्यशाला



17 नवम्बर 2017 वाणिज्य संकाय में एक दिवसीय कार्यशाला 'सहजयोग के द्वारा व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में युवा शक्ति के क्वार्डीनेटर श्री अवनीश कुमार पाल तथा गोरखपुर के समन्वयक श्री उपेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## गुरू तेग बहादुर बलिदान दिवस

23 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में गुरू तेग बहादुर बलिदान दिवस के अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## योग प्रशिक्षण

25 नवम्बर 2017 दिन शनिवार को महाविद्यालय में विगत सप्ताह की ही भाँति प्रार्थना सभा में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।






## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–प्राणि विज्ञान विभाग




27 नवम्बर 2017 को महाविद्यालय में प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें देवेन्द्र पाण्डेय (बी. एस–सी. भाग एक) प्रथम स्थान, विवेक कुमार कुशवाहा (बी.एस–सी. भाग एक) के द्वितीय स्थान तथा श्रेया शुक्ला (बी.एस–सी. भाग दो) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम भी घोषणा निर्णायक मंडल प्राणी विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ0 आर0 एन0 सिंह तथा प्राणि विज्ञान के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–भौतिकी विज्ञान विभाग

28 नवम्बर 2017 को भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) आकृति सिंह (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष तथा आशीष यादव (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) एवं ऑचल कश्यप (बी. एस–सी. प्रथम वर्ष) ने संयुक्त से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



